Rajasthan Patrika

EDII

February 10, 2022

Pg.1

पत्रिका बिजनेस बूस्टर

महिला उद्यमियों को नि:शुल्क प्रशिक्षण आज से

जयपुर। पत्रिका समूह और ईडीआइआइ, अहमदाबाद की संयुक्त पहल पर 'बिजनेस बूस्टर' कार्यक्रम में गुरुवार से महिला उद्यमियों को नि:शुल्क प्रशिक्षण मिलना शुरू हो जाएगा। पहले बैच में ब्यूटी और वेलनेस से जुड़ी महिला उद्यमियों को मौका दिया जा रहा है। **खबर पढ़ें- शी न्यूज, पेज-07**

Pg.7

महिला उद्यमियों को आज से मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

'पत्रिका' की पहल
बिजनेस बड़ा कैसे करें

पत्रिका बिजनेस बूस्टर

राजस्थान पत्रिका | Entrepreneurship Development Institute of India

पत्रिका समूह और एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआइआइ), अहमदाबाद की संयुक्त पहल **बिजनेस बूस्टर** प्रशिक्षण कार्यक्रम में आज से महिला उद्यमियों को प्रशिक्षण मिलना शुरू हो जाएगा। ईडीआइआइ के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने बताया कि छह सप्ताह तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिला उद्यमियों को बिजनेस से जुड़ी हर ट्रेनिंग दी जाएगी ताकि उन्हें अपने बिजनेस को बड़ा करने में समस्या न आए। पहले बैच में केवल ब्यूटी और वेलनेस से जुड़ी महिला उद्यमियों को मौका दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के लिए काफी संख्या में महिलाओं ने आवेदन किया है। आने वाले दिनों में दूसरे उद्यमों से जुड़ी माहिलाओं को भी मौका मिलेगा। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में प्रसिद्धि हासिल करने वाली महिलाओं से भी रूबरू करवाया जाएगा।